कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-21.01.2025

विषयः- थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा 01 नफ़र वाहन चोर अभिषेक उपाध्याय गिरफ्तार, कब्जे से चोरी गयी 01 अदद मोटर साइकिल बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओं के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में तथा श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के कुशल नेतृत्व में थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-029/2025 धारा 303(2) बी0एन0एस0 व बढ़ोतरी धारा 317(2) बी0एन0एस0 थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अभिषेक उपाध्याय पुत्र रमेश उपाध्याय निवासी कोदई थाना बड़ागाव जनपद वाराणसी को दिनांक-20.01.2025 को समय करीब 23.28 बजे शिवपुर स्टेशन रोड थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त में चोरी गयी 01 अदद मोटर साइकिल बरामद हुई। उक्त गिरफ़्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना शिवपुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 20/01/2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने दिनांक 18/01/2025 को बैंक ऑफ बड़ौदा शिवपुर के बेसमेंट से उनकी हीरो होंडा स्पेलन्डर प्रो गाड़ी जिसका रजि0 नं0-UP 65 BW 7323 है के चोरी हो जाने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना शिवपुर में मु0अ0सं0-029/2025 धारा 303(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 सुमित पाण्डेय द्वारा सम्पादित की जा रही है।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त अभिषेक उपाध्याय ने पूछताछ करने पर बताया की मैं इन्फिनिटिव गली के सामने सरसौली टकटकपुर गिलट बाजार थाना शिवपुर वाराणसी में किराये के मकान में रहता हूँ। मैंने और मेरे एक दोस्त जो की बिहार का रहने वाला है ने मिलकर यह गाड़ी चुराई थी। उसके बाद मेरे दोस्त ने मुझे यह गाड़ी ले जा कर एक सुरक्षित जगह पर खड़ी करने के लिए बोला था लेकिन मुझे कुछ काम था तो मैं इसी चोरी की मोटर साइकिल को ले कर के यहाँ आया था कि आप लोगों ने मुझे पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

अभिषेक उपाध्याय पुत्र रमेश उपाध्याय निवासी कोदई थाना बड़ागाव जनपद वाराणसी, उम्र 18 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

चोरी की 01 अदद मोटर साइकिल वाहन संख्या UP 65 BW 7323 बरामद।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-

शिवपुर स्टेशन रोड थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी से, दिनांक-20.01.2025 को समय करीब 23.28 बजे।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0-029/2025 धारा 303(2)/317(2) बी0एन0एस0 थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- उ0नि0 सुमित पाण्डेय थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

2- का0 आलोक कुमार शर्मा थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

3- का0 बाबादीन आजाद थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।